www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , रविवार,29 मार्च 2026

सुविचार



मनुष्य अपनी दुर्बलता से भली-भांति परिचित रहता है, पर उसे अपने बल से भी अवगत होना चाहिये। जयशंकर प्रसाद

बरेली के प्रमुख समाचार

- चोरी नहीं हुई, गरीबी में अब्बू-अम्मी ने दान कर दी थी तीसरी बेटी-II
- 26 सड़कों के लिए खुला बजट का पिटारा-III
- व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है शिक्षा : डॉ. लता-IV

## सिटी ब्रीफ

### एसबीआई की 31 को खुलेंगी शाखाएं

**बरेली, अमृत विचार :** डीएम अविनाश सिंह ने वित्तीय वर्ष की क्लोजिंग की वजह से 31 मार्च को राजकीय लेनदेन करने वाली एसबीआई की शाखाएं व संबंधित बैंक को खोलने का आदेश जारी किया है। डीएम ने कहा है कि 31 मार्च को महावीर जयंती होने के कारण सार्वजनिक अवकाश है। डीएम ने सरकार के भुगतान एवं प्राप्तियां स्वीकार करने को राजकीय लेनदेन का कार्य करने वाली एसबीआई की मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक, नवाबगंज, बहेड़ी, फरीदपुर, आंवला स्थित एसबीआई शाखा के प्रबंधक व सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया मीरगंज के शाखा प्रबंधक को शाखाएं खोलने के आदेश दिए हैं।

### पेंशन : जागरूकता अभियान चलेगा

**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया में शासन के आंशिक बदलाव को लेकर पुराने आवेदक भी काफी भ्रमित हैं। जो आए दिन विभाग के दफ्तरों का चक्कर काट रहे हैं। जिसे लेकर जिला कल्याण विभाग जागरूकता अभियान चलाएगा।

## शहर में आज

- खण्डेलवाल कालेज के वार्षिकोत्सव में करिज्मा कार्यक्रम में स्टार नाइट शाम 7 :30 बजे
- पाम संडे पर साल्वेशन आर्मी चर्च से क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च तक जुलूस दोपहर 2 :30 बजे।
- भारतीय वैश्य महासभा की ओर से महासम्मेलन एवं सम्मान समारोह पीलीभीत बाईपास स्थित गोल्डन फार्म पर सुबह 11 बजे
- रोटरी क्लब आफ बरेली की ओर से कम्युनिटी प्रोजेक्ट जीबी एकेडमी आंवला में सुबह 11 बजे।
- एससी/एसटी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से बैठक गांधी उद्यान में सुबह 9 बजे।

# मौसम : 30 को हल्की बारिश होने के आसार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पारे में 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी की संभावना

**अमृत विचार :** बरेली में पश्चिमी विक्षोभ के असर के कमजोर पड़ते ही मौसम साफ हो गया है। शनिवार को दिनभर धूप निकलने से अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इससे दिन में हल्की गर्मी का अहसास होने लगा है। सुबह-शाम अभी भी हल्की ठंडक बनी हुई है। 30 मार्च को हल्की बारिश के आसार हैं।

मौसम विभाग वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार के अनुसार सक्रिय नए पश्चिमी विक्षोभ का असर अगले कुछ दिनों में देखने को मिलेगा। बरेली में 29 मार्च तक तापमान में क्रमिक बढ़ोतरी जारी रहने की संभावना है। अधिकतम 30 से 33 और न्यूनतम तापमान 18 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।

वहीं, 30 मार्च को मौसम फिर से बदल सकता है। इस दिन आंशिक बादल छाने के साथ एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। इसके बाद एक बार फिर मौसम साफ होने का अनुमान है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और इजाफा होगा, जिससे गर्मी धीरे-धीरे असर दिखाने लगी है।

## इनकी मर्जी..



**बाइक बेचारी, बोझ की मारी..।** एक दो नहीं, ढो रही छह-छह सवारी। सिग्नल तोड़ें, ओवर स्पीड दौड़ेंये चाहें जो करें इनकी मर्जी। स्मार्ट शहर के लोग ट्रैफिक नियम मानने में भी स्मार्टनेस दिखाएं, इसके लिए बहुत घोड़े दौड़ाए जा रहे हैं। चौराहे-चौराहे स्क्रीन लगाकर 'सुधरो-सुधरो' के संदेश दिखाए और सुनाए जा रहे हैं। मगर शहर में कायदे-कानून के बैरियर फिर भी खुलेआम टूट रहे हैं। इस तस्वीर को देखें और मनन करें..!

● हरदीप सिंह 'टोनी'

# ग्रीन फील्ड ने दिखाए बरेली-दिल्ली उड़ान के सपने

## जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन, दिल्ली पर अब कम होगा दबाव, बरेली को जल्द मिल सकता है स्लॉट, मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फ्लाइट शुरू कराने के लिए शुरू किए जाएंगे प्रयास

**अमृत विचार :** नोएडा के ग्रीनफील्ड जेवर एयरपोर्ट के संचालन से बरेली की भी उम्मीद जगी हैं। माना जा रहा है कि जेवर के ग्रीन फील्ड एयरफोर्ट का उद्घाटन होने के बाद दिल्ली पर दबाव कम होगा। इससे इंडिगो की बरेली-दिल्ली फ्लाइट को स्लॉट मिलने की उम्मीद जगी है।

अफसरों के मुताबिक, करीब डेढ़ साल से नई दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ानों का दबाव अधिक होने की वजह से बरेली को स्लॉट नहीं मिल रहा है। बरेली बरेली-दिल्ली फ्लाइट का संचालन शुरू कराने के लिए इंडिगो एयरलाइंस कई बार नई दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी से संपर्क कर चुकी है, लेकिन स्लॉट नहीं मिलने की वजह से निराशा मिली। जबकि बरेली से दिल्ली फ्लाइट के लिए एयर ट्रैफिक की कोई कमी नहीं है। 2024 में एलाइंस एयरलाइंस ने बरेली-दिल्ली उड़ान बंद कर दी थी। इससे प्रतिदिन बरेली-दिल्ली आने-जाने वाले सैकड़ों यात्रियों को झटका लगा था। एलाइंस एयरलाइंस ने बरेली-दिल्ली-लखनऊ के लिए फ्लाइट संचालन का खाका तैयार किया। अनुमति भी मिल गयी। फ्लाइट का किराया भी तय हो गया था लेकिन अचानक एलाइंस एयर ने बरेली एयरपोर्ट परिसर स्थित अपना ऑफिस समेट लिया। विंडो



भी बंद कर दिया। उसके बाद से बरेली-दिल्ली फ्लाइट शुरू कराने के लिए इंडिगो एयरलाइंस लगी हुई है। फ्लाइट के लिए डीजीसीए से अप्रूवल भी मिल चुका है। जेवर एयरपोर्ट का संचालन शुरू होने से नई दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ानों का दबाव कम होने पर बरेली-दिल्ली फ्लाइट के लिए स्लॉट मिल जाएगा। इधर, बरेली एयरपोर्ट निदेशक अवधेश अग्रवाल ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट संचालित होने से बरेली-दिल्ली फ्लाइट शुरू होने की पूरी उम्मीद जगी है। अब फ्लाइट शुरू कराने के प्रयास जोरशोर से किए जाएंगे।

### 30 मार्च से नवी मुंबई फ्लाइट शुरू

सिविल एंक्लेव (बरेली एयरपोर्ट) से 30 मार्च से बरेली-नवी मुंबई उड़ान शुरू हो जाएगी। नवी मुंबई से उड़ान भरकर फ्लाइट दोपहर 1 :35 बजे बरेली एयरपोर्ट पर लैंड करेगी, इसके बाद करीब 45 मिनट रुककर 2 :20 बजे नवी मुंबई के लिए उड़ान भरेगी। इस फ्लाइट के शुरू होने के साथ मुंबई की फ्लाइट का संचालन 30 मार्च से बंद हो जाएगा।

### बरेली को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा

बरेली : नोएडा के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन से जनपद बरेली को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलने की संभावना जतायी गयी है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि जेवर एयरपोर्ट के जरिए जनपद के प्रमुख उत्पाद (ओडीओपी) को राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच मिलने के साथ उद्योग, कृषि व सेवा क्षेत्र को नई गति मिलेगी। निवेश और औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावनाएं बढ़ेंगी। युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ने के साथ बेहतर कनेक्टिविटी से पर्यटन एवं व्यापार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# अतिरिक्त बोझ से बचना है तो समय पर चुकाएं हाउस टैक्स

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम में संपत्ति कर जमा करने की अंतिम तिथि नजदीक आते ही करदाताओं के बीच अपने बकाये निपटाने की होड़ मच गई है। अंतिम तिथि 31 मार्च होने के कारण निगम में काउंटरों पर लोगों के भीड़ दिखी। करदाताओं की इस जल्दबाजी की मुख्य वजह एक अप्रैल से लगने वाला अतिरिक्त ब्याज है, जिससे बचने के लिए लोग समय रहते भुगतान सुनिश्चित कर रहे हैं।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि 31 मार्च तक कर जमा करने पर ब्याज से राहत मिलेगी, जबकि इसके बाद वित्तीय दंड लागू हो जाएगा। सुविधा के लिए निगम ने ऑनलाइन पोर्टल और ऑफलाइन काउंटर दोनों को सक्रिय रखा है, ताकि राजस्व वसूली का लक्ष्य समय पर पूरा हो सके।

# सावधान... आगे गहरे नाले से बचके जाना, लगने लगे बोर्ड




पीरबहोड़ा में नाले किनारे लगाया गया चेतावनी बोर्ड। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर आयुक्त के निर्देश पर लगवाए जा रहे संदेश बोर्ड

**अमृत विचार :** सेटेलाइट बस स्टैंड पर खुले नाले में गिरकर ट्रक चालक तौहीद से नगर निगम की नींद टूटती नजर आ रही है। हादसे की जगह नहीं, बल्कि शहर के दूसरे ऐसे खतरनाक प्वाइंट पर चेतावनी बोर्ड लगाए जा रहे हैं। सूचना पट्टों पर ''नाला गहरा है, कृपया उचित दूरी बनाए रखें'' जैसे निर्देश अंकित कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

सैटेलाइट हादसे की वजह से नगर निगम को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि निगम ने सफाई अभियान के तुरंत बाद गहरे नालों पर बैरिकेडिंग की होती या कम से कम चेतावनी बोर्ड ही लगा दिए होते, तो शायद अनहोनी न होती। व्यस्ततम बस स्टैंड पर, जहां प्रतिदिन हजारों यात्री आवाजाही करते हैं, वहां नाले और सीवर को खुला छोड़ देना सीधे तौर पर मौत को आमंत्रण देने जैसा था। फिलहाल नगर निगम अब डैमेज कंट्रोल में जुट गया है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है शहर के सभी चिन्हित और गहरे नालों के पास सांकेतिक बोर्ड लगाकर लोगों को सचेत किया जा रहा है ताकि इस तरह की घटनाओं की फिर से पुनरावृत्ति न हो। दावा किया कि केवल बोर्ड लगाना ही अंतिम समाधान नहीं है, बल्कि अब शहर के सभी खुले नालों को कंक्रीट के स्लैब से कवर करने की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर तेज कर दिया गया है। निर्देश दिए गए हैं कि शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में खुले नालों की निरंतर निगरानी की जाए। जहां आवश्यकता हो, वहां तत्काल बैरिकेडिंग सुनिश्चित की जाए।

### क्षतिग्रस्त पुलिया ठीक कराने की मांग नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार :** पर्वतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक उद्यान समिति के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को नगर निगम पहुंचकर नगर आयुक्त को विश्वनाथ पुरम की टूटी हुई पुलिया का निर्माण कराने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने बताया कि एक प्रथम पुलिया ठीक हो चुकी है, लेकिन यह दूसरी पुलिया है, जो क्षतिग्रस्त है, इससे आवाजाही में दिक्कत हो रही है। जनहित में ठीक होना अति आवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष जोहर सिंह, संगठन मंत्री मोहन नेगी, कोषाध्यक्ष केएस राणा, महासचिव पूरन जोशी, मीडिया प्रभारी मनोज जोशी आदि शामिल रहे।

# बीडीए के डिफाल्टरों के सिर से उतरेगा कर्ज का बोझ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ओटीएस योजना में 18 अप्रैल से होंगे आवेदन, तीन महीने के भीतर होगा मामलों का निपटारा

**अमृत विचार :** बीडीए की संपत्तियों पर कुंडली मारकर बैठे जिले के सैकड़ों बकायेदारों के लिए शासन ने राहत का पिटारा खोला है। एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का शासनादेश जारी हो गया है। अफसरों का कहना है कि योजना उन आवंटियों के लिए संजीवनी साबित होगी जो भारी-भरकम दंड ब्याज के कारण अपना बकाया जमा नहीं कर पा रहे थे।

आवास एवं शहरी नियोजन के प्रमुख सचिव पी. गुरुप्रसाद की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार, बरेली के आवासीय और व्यावसायिक आवंटियों के साथ-साथ मानचित्र के डिफाल्टर्स भी इस योजना का लाभ उठाकर अपने सिर से कर्ज का बोझ उतार सकेंगे। योजना 18 अप्रैल से शुरू होगी। इसके लिए बीडीए कार्यालय में विशेष हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी। प्रोसेसिंग फीस व प्रारंभिक धनराशि के साथ आवंटी ऑफलाइन के अलावा



सर शासन के निर्देशानुसार 18 अप्रैल से ओटीएस योजना लागू की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य डिफाल्टर आवंटियों को भारी दंड ब्याज से राहत देना और उन्हें अपनी संपत्ति विवाद मुक्त करने का अवसर देना है। हम बीडीए में विशेष हेल्पडेस्क स्थापित कर रहे हैं। मेरी अपील है कि सभी बकाएदार इस सीमित समय की योजना का लाभ उठाकर विधिक कार्रवाई से बचें।

-डा. मनिकंडन.ए, बीडीए उपाध्यक्ष

ऑनलाइन माध्यम से ''आवास बंधु'' की वेबसाइट पर जाकर भी आवेदन कर सकेंगे। योजना के तहत बकाएदारों को केवल साधारण ब्याज ही देना होगा, जबकि वर्षों से संचित हुआ भारी दंड ब्याज पूरी तरह माफ कर दिया जाएगा। आवेदन के बाद मात्र तीन माह के भीतर प्रकरण का निस्तारण हर हाल में किया जाएगा। यदि किसी कर्मचारी की लापरवाही से निस्तारण में देरी हुई, तो उस पर भी आर्थिक दंड लगेगा। बीडीए की विशेष कार्याधिकारी नीलम श्रीवास्तव ने बताया कि आवंटियों और मानचित्र से जुड़े सैकड़ों मामलों के निस्तारण का यह सुनहरा मौका है। चेतावनी भी दी गई है कि जो आवंटी इस तीन महीने की अवधि में योजना का लाभ नहीं उठाएंगे, उनके खिलाफ आरसी जारी कर कार्रवाई की जाएगी। आवंटियों कि अप्रैल से सक्रिय होकर संपत्तियों को विवाद मुक्त करा सकते हैं।

### किस्तों में किया जा सकेगा बकाया भुगतान

आवासीय, व्यावसायिक और संस्थागत सभी संपत्तियों पर लागू योजना में 50 लाख रुपये तक के बकाये की एक-तिहाई राशि 30 दिनों में और शेष दो-तिहाई राशि तीन मासिक किस्तों में जमा करनी होगी। यदि बकाया 50 लाख से अधिक है, तो शेष राशि के लिए छह माह का समय मिलेगा। 30 दिनों के भीतर एकमुश्त पूरा भुगतान करने पर तीन प्रतिशत की अतिरिक्त छूट मिलेगी। किस्तों पर केवल नौ प्रतिशत साधारण ब्याज लिया जाएगा, लेकिन समय पर किस्त न देने पर दो प्रतिशत अतिरिक्त दंड ब्याज देना होगा। निर्धारित अवधि के बाद भी भुगतान न करने वालों का ओटीएस पंजीकरण निरस्त कर दिया जाएगा।

### मात्र 100 रुपये से शुरू होगी प्रोसेसिंग फीस

ओटीएस का लाभ लेने के लिए आवंटियों को संपत्ति की श्रेणी के अनुसार 100 से लेकर 11 हजार रुपये तक प्रोसेसिंग फीस देनी होगी। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए यह शुल्क मात्र 100 रुपये, एलआईजी के लिए 500 रुपये और अन्य आवासीय व दुकानों के लिए 2100 रुपये निर्धारित है। बड़ी संपत्तियों जैसे ग्रुप हाउसिंग और व्यावसायिक भूखंडों के लिए 11 हजार, जबकि मानचित्र बकाएदारों को 5000 रुपये प्रोसेसिंग फीस चुकानी होगी। आवेदन के समय पांच हजार से पांच लाख रुपये तक की प्रारंभिक धनराशि भी जमा करनी होगी, जिसे बाद में कुल बकाये में समायोजित कर दिया जाएगा।

### अप्रैल में कोहाड़ापीर के 40 भवनों पर चलेगा निगम का बुलडोजर

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के सौंदर्यीकरण और यातायात को सुगम बनाने के लिए 'सीएम ग्रिड योजना' के दूसरे चरण में कोहाड़ापीर से कुदेशिया रोड और धर्मकांटा चौराहे से भारत सेवा ट्रस्ट मार्ग तक सड़क चौड़ीकरण के लिए चिह्नीकरण की प्रक्रिया पूरी कर ली है। अभियान के तहत लगभग 40 दुकानों और मकानों पर लाल निशान लगाए गए हैं, जिन्हें अप्रैल के प्रथम सप्ताह में ध्वस्त करने की तैयारी है।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि अब तक दो बार नपाई की जा चुकी है, लेकिन हर बार माप के मानक बदल दिए जाते हैं, जिससे असमंजस की स्थिति बनी हुई है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है कि कोहाड़ापीर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण और सड़क चौड़ी करने के लिए अतिक्रमण हटाना अनिवार्य है।

# पुराने बस अड्डा पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन बनाने को मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में इलेक्ट्रिक बसों को चार्ज करने का झंझट जल्द दूर होने वाला है। शासन ने पुराना बस अड्डा परिसर में चार्जिंग स्टेशन बनाने को मंजूरी मिल गयी है। इसके लिए दो करोड़ आवंटित भी कर दिए गए हैं। राज्य सड़क परिवहन निगम को कार्यदायी संस्था नामित किया है।

परिवहन मुख्यालय ने पिछले साल अफसरों से बरेली में इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का प्रस्ताव मांगा था। जिसके बाद परिवहन निगम प्रबंधन ने पुराना बस अड्डा स्टेशन के लिए जगह चिह्नित करते हुए प्रस्ताव मुख्यालय भेजा था। बस अड्डा परिसर में बड़ा टीनशेड और एआरएम कार्यालय की जगह को मिलाकर जगह तय की गई थी। परिवहन अनुभाग के विशेष सचिव केपी सिंह ने परिवहन आयुक्त को बरेली शहर में चार्जिंग स्टेशन को स्वीकृति देने के संबंध में चिट्ठी भेजी है। प्रस्ताव मिलने के बाद मुख्यालय ने चार्जिंग स्टेशन बनवाने के लिए कार्यदायी संस्था नामित करते हुए उसी से खाका तैयार कराया गया है। कार्यदायी संस्था राज्य सड़क परिवहन निगम ने 557.87 लाख रुपये का प्रस्ताव भेजा था। जिसके सापेक्ष 505.78 लाख रुपये के बजट को स्वीकृत किया गया है। इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन विकसित करने के लिए राज्य सरकार ने पहले ही 50 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इसी में से बरेली में इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन विकसित को धनराशि में से 252.89 लाख रुपये आवंटित कर दिए हैं। 16 जनपदों में इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन विकसित किये जा रहे हैं। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण करने के दौरान परिवर्तन जैसे-नये कार्य बढ़ाने, कार्यों के आकार में वृद्धि एवं अन्य कार्य बिना स्वीकृत के नहीं किए जाएंगे।

अड़चन हुई दूर | अमृत विचार की खबर पर हरकत में आया रेलवे, पीडब्ल्यूडी को निर्माण की अनुमति दी

# सिटी स्टेशन रोड : 20 मीटर सड़क बनाने को मिला 'ग्रीन सिग्नल'

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सड़क के साथ ड्रेनेज का संकट भी हुआ दूर स्टेशन किनारे नाली बनाने का काम शुरू

**अमृत विचार :** शहर की लाइफलाइन माने जाने वाले चौपुला-किला मार्ग पर सिटी स्टेशन के पास बना गतिरोध आखिरकार समाप्त हो गया। अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आए रेलवे ने तकनीकी अड़चनों को दूर करते हुए 20 मीटर के हिस्से पर भी सड़क बनाने का ''ग्रीन सिग्नल'' दे दिया। पीडब्ल्यूडी ने कार्य शुरू करते हुए सड़क के इस अधूरे टुकड़े को पूरा कर लिया है।



सिटी स्टेशन रोड पर निर्माण पूरा कर दिया गया। ● अमृत विचार



मुसीबत | नाली निर्माण अधूरा रहा तो सड़क पर होगा जलभराव, पांच करोड़ रुपये से बन रही सड़क हो जाएगी बर्बाद

सिटी स्टेशन : रेलवे का 20 मीटर सड़क पर 'रेड सिग्नल'

- विभाग का दावा- 90 फीसदी का काम पूरा, अड़ंगे से फंसा काम
- एक्सईएन बोले-रेलवे ने खुद छुड़वाई थी जगह, अब नहीं दे रहा अनुमति

गुरुवार को प्रकाशित खबर। ● अमृत विचार

इससे पहले रेलवे ने अंडरपास निर्माण के वाहनों का हवाला देकर इस छोटे से हिस्से पर काम रोक दिया था, जिससे करीब पांच करोड़ रुपये की लागत से बन रही आधुनिक पेवर तकनीक वाली सड़क के भविष्य पर संकट मंडरा रहा था। तकनीकी विशेषज्ञों ने चेतावनी दी थी कि यदि यह हिस्सा अधूरा रहा तो जलभराव होने से नई सड़क की नींव खोखली हो सकती है।

पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड डिवीजन के एक्सईएन भगत सिंह ने बताया कि सड़क का निर्माण पूरा होने के साथ ही सिटी स्टेशन रोड के किनारे ड्रेनेज सिस्टम को लेकर भी सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। स्टेशन के पास सड़क किनारे नाली बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। कहा कि सड़क और नाली का काम पूरा होने से यहां जलभराव की समस्या नहीं होगी। दावा कि 1200 मीटर के इस प्रोजेक्ट का लगभग 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, जिससे शहरवासियों को जाम और ऊबड़-खाबड़ रास्तों से राहत मिलने वाली है।

## सिटी ब्रीफ

### मेला देखने गईं चार लड़कियां लापता



**बरेली, अमृत विचार :** थाना बारादरी क्षेत्र से मेला देखने गईं चार लड़कियां रहस्यमय हालत में लापता हो गईं। पुलिस की कई टीमें तलाश में जुटी हैं। पुलिस के अनुसार, 7 से 14 साल की उम्र की चारों बच्चियां शहामतगंज की रहने वाली हैं। शनिवार रात वे सिकलापुर मेले गईं थीं, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटीं। घरवालों ने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस खोजबीन में लग गई। इंस्पेक्टर बरादारी धनंजय पाण्डेय ने बताया बच्चियों के फोटो सोशल मिडिया पर डालकर उनकी तलाश जारी है। समाचार लिखे जाने तक बच्चियों का सुराग नहीं लग सका था।

### अवैध खनन में तीन ट्रैक्टर-ट्रालियां सीज

**सीबीगंज, अमृत विचार :** किला थाना क्षेत्र के रोठा गांव में लगातार अवैध खनन चल रहा था। सूचना पर जिला खनन अधिकारी मनीष कुमार ने टीम के साथ छापा मारा तो रजा कॉलोनी में मिट्टी से भरी तीन ट्रैक्टर- ट्रालियों को पकड़ लिया। उसके बाद उन्हें थाना पुलिस की सुपुर्दगी में सौंप दिया।

### महिला पर चाकू से किया हमला, गंभीर

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने बताया कि उसके पहले पति से तीन बच्चे हैं। पति ने दूसरी शादी कर ली। जिसके बाद वह 12 साल से पति से अलग रह रही थी। पिछले 10 साल से वह जयपुर निवासी मोहन प्रकाश के साथ रह रही है। बिना शादी के दोनों पति-पत्नी की तरह रह रहे थे। 24 मार्च की रात 11 बजे मोहन प्रकाश ने गाली गलौज कर शराब के नशे में मारपीट करने लगा। उसके बाद उसने गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गई। बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# चोरी नहीं हुई, गरीबी में अब्बू-अम्मी ने दान कर दी थी तीसरी बेटी

## पुलिस ने बहेड़ी के निसंतान दंपती को सौंपी गई बच्ची को सकुशल बरामद किया, भेद खुला तो पिता बोला-तीन बेटियां कैसे पालूं, पुलिस कार्रवाई की तैयारी में

**षडयंत्र**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जिला महिला अस्पताल से 21 दिन की नवजात चोरी होने का मामला झूठा निकला है। दुधमुंही गायब नहीं हुई थी, बल्कि अब्बू-अम्मी ने बहेड़ी के निसंतान दंपती को सौंप दिया था। समाज की नजरों में सच पर परदा डालने को परिवार ने बच्ची चोरी होने की फर्जी कहानी गढ़ दी थी, लेकिन पुलिस और स्वास्थ्य अफसरों के सवालों के आगे झूठ टिक नहीं सका। पुलिस ने बच्ची को सकुशल बरामद कर सीडब्ल्यूसी को सौंप दिया है। बच्ची को दान देने के पीछे दंपती ने तीसरी बेटी पैदा होने और गरीबी में उसका पालन-पोषण नहीं की बात कही है, लेकिन पुलिस झूठी घटना बनाने के मामले में उनके खिलाफ कार्रवाई करने वाली है।

एक दिन पहले जिला महिला अस्पताल में उस समय हड़कंप मच गया था, जब पुलिस के पास वहां से बच्ची चोरी होने और मां के बेसुध पड़े मिलने की सूचना आई थी। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव परतापुर चौधरी में रहने वाले मकसूद नामक शख्स ने रात करीब 9 बजे ने डायल 112 पर बच्ची चोरी होने की बात कही थी। पता होते ही थाना इज्जतनगर पुलिस भी गांव पहुंच गई। पूछताछ में मकसूद ने कहा था कि वह अपनी पत्नी शबाना के साथ बच्ची का का जन्म प्रमाण पत्र लेने के लिए जिला महिला अस्पताल गया था। वहां पत्नी को किसी ने नशा देकर बच्ची चोरी कर ली। घटना की तह में जाने को पुलिस ने अस्पताल के सीसीटीवी खंगाले, लेकिन घटना का कोई सबूत सामने नहीं आया। मकसूद की कहानी इसलिए भी संदेह के दायरे में आ गई, क्योंकि शुक्रवार को रामनवमी के वजह से अवकाश था और छुट्टी के दिन अस्पताल में जन्म प्रमाणपत्र नहीं बनाए जाते हैं। पुलिस ने सवालों की बौछार की तो मकसूद ज्यादा देर टिक नहीं सका और सच बयां कर दिया। आरोपी मकसूद व शबाना पुलिस हिरासत में हैं।



बरामद हुई बच्ची के साथ उसके मां-बाप और पुलिस। ● अमृत विचार

> शुक्रवार रात पुलिस को जिला महिला अस्पताल से बच्ची को चोरी कर लिए जाने की सूचना मिली थी। पता होते ही टीमें गठित कर जांच शुरू करा दी गई। पूछताछ में दंपती ने कबूल किया कि तीसरी बेटी होने के कारण उसने उसे दान दे दिया था। पुलिस ने बच्ची को बरामद कर लिया है।
>
> -आशुतोष शिवम, सीओ सिटी

- छुट्टी के दिन जन्म प्रमाण पत्र लेने अस्पताल आने से शक हुआ
- अफसरों को सूचना दिए बिना घर चले गए थे बच्ची के मां-बाप
- सच छिपाने के लिए गढ़ दी थी बच्ची चोरी के होने का कहानी

### अस्पताल में मिलीं थीं शबा-शबाना, बाकी सब झूठा फसाना

पूछताछ में पता लगा कि शबाना-मकसूद के पहले से दो बेटियों हैं। एक बेटा पूर्व में पैदा हुआ था, जो चल बसा था। शबाना चौथी बार मां बनी और तीसरी बेटी को जन्म दिया था। मकसूद बेटा चाहता था, लेकिन तीसरी बेटी होने से परेशान था। अस्पताल में ही उनकी मुलाकात बहेड़ी के शेखूपुर मोहल्ले की रहने वाली शबा हुई थी। शबा के शौहर तसलीम को लकवा मार चुका है और शबा मां नहीं बन पा रही। बातों ही बातों में शबा ने बच्ची गोद लेने की बात कही तो मकसूद-शबाना ने हामी भर दी। बच्ची को दान देने का रिश्तेदारों को पता लगता तो बदनामी होती। इसलिए, मकसूद व उसकी पत्नी शबाना ने महिला अस्पताल से बच्ची चोरी होने का शोर उठा दिया। हालांकि, कुछ ही घंटे में सच सामने भी आ गया और पुलिस बच्ची को लेने वाले बहेड़ी के निसंतान दंपती तक पहुंच गई।

### गरीबी तो थी बहाना, मकसद था बिटिया से पीछा छुड़ाना

बच्ची चोरी होने का कोई सीसीटीवी फुटेज नहीं मिलने की वजह से पुलिस शुरूआत से ही मामले को संदिग्ध मानकर चल रही थी। ऊपर से मकसूद की उलझाई कहानी ने उस पर संदेह और बढ़ा दिया। पूछताछ में उसने कहा कि उसकी पहले से दो बेटियां हैं और माली हालत खराब है। तीसरी बेटी को पालने में दिक्कत थी, इसलिए उसे दान दे दिया। हालांकि, उसके पास इस सवाल का कोई जवाब नहीं था कि अगर तीसरी बेटी की जगह बेटा होता तो क्या यही सब करता? पुलिस ये सवाल करती रहीं मगर वह मौन साधे रहा। अफसरों का कहना है कि सीडब्ल्यूसी ही बच्ची को लिखा-पढ़ी के बाद उसके शबाना-मकसूद को सौंपेगी, ताकि आगे कोई गड़बड़ी न कर सकें।

### सीसीटीवी से ऐसे बेनकाब हुआ झूठ

**बरेली, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में शासन स्तर से 28 कैमरे लगे हैं और सभी काम कर रहे हैं। बच्ची चोरी की सूचना पर पुलिस ने जब अस्पताल में जाकर वहां लगे सीसीटीवी को चेक किया तो पता चला की जहां की वह घटना बता रहे है, वहां लगे कैमरों में ऐसा कुछ रिकार्ड ही नहीं हुआ है। सीएमएस त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि मेन गेट से मलेरिया वार्ड तक के लगे कैमरों को चेक कराया गया था। फुटेज में कहीं भी महिला और उसका शौहर नहीं दिखा। शबाना ने महिला मलेरिया वार्ड के पास बेसुध मिलने की बात कही थी लेकिन वहां भी उसकी मौजूदगी नहीं नजर आई। फिर वह छुट्टी के दिन बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र लेने क्यों आए थे। जबकि छुट्टी में प्रमाण पत्र बनते ही नहीं हैं। ऐसे में अस्पताल के सीसीटीवी ने आखिरकार सच सामने ला ही दिया।

### बवाल में तौकीर समेत दो की जमानत अर्जियां खारिज

**बरेली, अमृत विचार:** 26 सितंबर 2025 को जुमे के दिन शहर में उपद्रव कराने के मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर रजा की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश अमृता शुक्ला ने खारिज कर दी। एक अन्य आरोपी रिहान की भी अर्जी खारिज हुई।

सरकारी वकील महेश यादव ने बताया कि 26 सितंबर 2025 को आई लव मोहम्मद प्रकरण में मौलाना तौकीर रजा ने भीड़ को उकसाकर इस्लामिया ग्राउंड में बुलाया था। कोतवाली थाना क्षेत्र में हजारों की भीड़ ने पुलिसकर्मियों से धक्कामुक्की शुरू कर दी और इस्लामियां ग्राउंड जाने की कोशिश की। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो भीड़ ने पथराव कर दिया।

# दोस्त बने हैवान, पहले से तय था छात्र शिवा के मर्डर का प्लान





कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में हत्या की सनसनीखेज वारदात का शिकार हुआ इंटरमीडएट का छात्र शिवा पटेल अपने जिस दोस्त मानव के कहने पर घर से निकला था, उस पर वह आंख बंद कर भरोसा करता था। खाना खाते में बीच से उठकर वह उसके साथ गया था, लेकिन उसे नहीं पता था कि दोस्तों की टोली में मौत उसका इंतजार कर रही है। चाकुओं से लेस होकर पहुंचे युवकों ने शिवा पर हमला कर दिया। अटैक ऐसा कि छात्र आंतें बाहर निकल आईं। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने ऑपरेशन भी किया लेकिन जान नहीं बचाई जा सकी।

मारे गए छात्र शिवा के परिवार ने सुनियोजित हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग उठाई है। पुलिस के अनुसार, शिवा उसके दोस्त मानव राजपूत ने घर से बुलाया था। परिजनों के मुताबिक, मानव शिवा को जहां लेकर पहुंचा, वहां पहले से कई कई परिचित युवक मौजूद थे। बातचीत के दौरान शिवा पर सामने वालों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने शिवा से पहले मारपीट भी की और उसे ताबड़तोड़ चाकू घोंप दिए। शनिवार तड़के शिवा की अस्पताल में मौत हो गई। शिवा भाइयों में दूसरे नंबर का था और उसने भगवती कॉलेज में पढ़ते हुए 12वीं के पेपर दिए थे। वह पिता के साथ ई-रिक्शा चलाकर परिवार की आर्थिक मदद भी करता था।



पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी देते मृतक शिवा पटेल के परिजन। ● अमृत विचार

### दो युवकों ने शिवा को जकड़ा, एक ने पेट फाड़ा

मृत छात्र शिवा के भाई हिमांशु ने पोस्टमार्टम हाउस पर बताया कि शुक्रवार की शाम को उसका भाई खाना खा रहा था। तभी मानव राजपूत और दो तीन अन्य लड़के आए। उनके बुलावे पर शिवा खाना छोड़कर उनके साथ चला गया। कुछ देर बाद घर सूचना पहुंची कि उसके भाई पर चाकूओं से हमला किया गया है। अस्पताल जाकर देखा तो गंभीर था। पुलिस ने शिवा के बयान लिए तो उसने बताया कि रचित और पारस ने उसे पकड़ लिया था। जबकि गौरव ने चाकू मारे। हमलावरों ने छात्र के पेट, सीने और पीठ पर कई वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा और इलाज के दौरान उसकी जान चली गई।

### परिजनों का आरोप, साजिश के तहत की गई हत्या

परिजनों ने शिवा के दोस्तों पर साजिश के तहत हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि आरोपी पूरी तैयारी के साथ आए थे। घर से लगभग 400 मीटर की दूरी पर ' 'चार खंभा के पास एक सुनसान गली में हमलावरों ने पहले से ही 15 से 20 लड़कों को इकट्ठा कर रखा था। गौरव, रचित और पारस के साथ करीब दो दर्जन से अधिक लड़के वहां मौजूद थे। जब शिवा वहां पहुंचा तो उस पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि सुबह दो पक्षों में विवाद हुआ था, जिसके बाद शिवा उसे निपटवाने के लिए वहां पर पहुंचा था।

> छात्र की हत्या के मामले में पांच नामजद समेत तीन अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना की वजह की भी जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से भी जांच की जा रही है। आरोपियों को गिरफ्तार करके घटना का खुलासा किया जाएगा।
>
> -पंकज श्रीवास्तव, सीओ तृतीय

### कंक्रीट टेस्ट में खुली पोल, तीन इंजीनियर को नोटिस

**बरेली, अमृत विचार:** शहर में सीए ग्रिड के तहत चल रहे निर्माण कार्यों में लापरवाहीऔर मानकों के विपरीत सामग्री का प्रयोग पाए जाने पर मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने तीन अवर अभियंताओं मनीष वैद्य, विकास साहू और वीर प्रताप सिंह पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई पिछले दिनों किए गए कंप्रेसिव स्ट्रेंथ टेस्ट की रिपोर्ट में कंक्रीट की गुणवत्ता मानकों से कम पाए जाने के बाद की गई है।

मनीष वैद्य के पर्यवेक्षण में वार्ड-57 कालीबाड़ी और वार्ड-72 आलमगीरीगंज में सीसी सड़क निर्माण में कंक्रीट की स्ट्रेंथ मानकों से काफी नीचे पाई गई। अवर अभियंता विकास साहू के कार्यक्षेत्र में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत प्राथमिक विद्यालय कटघर, वीर भट्टी, सिविल लाइंस, बेनीपुर चौधरी और बिहारीपुर मेमरान जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हुए कार्यों की गुणवत्ता अधोमानक मिली। कंक्रीट के क्यूब फेल होने से साफ हुआ कि निर्माण तकनीकी मानकों से नहीं हुए।

### दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार:** नाबालिग लड़की (17) को बहला फुसलाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी थाना सिरौली के बरशेर निवासी दान सिंह को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट-2 नरेंद्र प्रकाश ने 10 वर्ष कठोर कारावास व 33 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील सुभव कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की मां ने थाना शेरगढ़ में तहरीर देकर बताया था कि 7 जून 2020 को 1 बजे वह घर पर नहीं थीं। घर पर दान सिंह, चमन, काशीराम, छोटेलाल, कुमरसेन उनकी पुत्री को बहलाकर ले गए। लड़की ने बताया कि दान सिंह अपनी बहन के यहां पर लेकर गया, जहां दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बयान में बताया कि 7 जून 2020 को दानसिंह शादी में खाना खिलाने के बहाने से ले गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद केवल दानसिंह के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट भेजा था।

# बम की धमकी में गुगल से मदद लेगी पुलिस



पासपोर्ट कार्यालय के बाहर खड़ी प्रेमनगर पुलिस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी भरी मेल कहां से आई पुलिस टीमे इसका पता लगा रही है। शुक्रवार को साइबर क्राइम के साथ पुलिस की टीमे यह जांच करती रही कि मेल किस जगह से भेजी गई है। लेकिन अभी तक मेल भेजने की सटीक लोकेशन और भेजने वाले का पता नहीं लग सका है।

प्रियदर्शनी नगर स्थित पासपोर्ट कार्यालय में शुक्रवार सुबह आए ई-मेल ने सनसनी फैला दी। ई-मेल में दावा किया गया कि दो बजे बम फटेंगे। टीमों ने तलाशी ली लेकिन कुछ नहीं मिला। साइबर सेल ई-मेल के आईपी एड्रेस की जांच कर रही है। एसपी सिटी मानुस पारीक ने बताया धमकी भरा मेल जिस आईडी से भेजा गया, उसको लेकर गूगल मुख्यालय से डिटेल मंगवाई जाएगी। कई मोबाइल नंबर और आईपी एड्रेस मिले हैं, जिनके बारे में छानबीन चयल रही है।

# सपा जिलाध्यक्ष बनेगा कौन लखनऊ बुलाए बरेली के नेता

- हाईकमान ने सभी विधानसभा अध्यक्षों को भेजा संदेश
- महानगर अध्यक्ष भी जा रहे संगठन को लेकर होगा मंथन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप को हटाए जाने के बाद उनकी जगह किसकी ताजपोशी होगी, इसे लेकर हाईकमान स्तर पर कवायद तेज हो गई है। जिलाध्यक्ष के नाम पर चर्चा को बरेली से सपा के सभी विधानसभा अध्यक्ष 2 अप्रैल को लखनऊ बुलाए गए हैं। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी को भी बुलावा आया है। पार्टी में पीडीएम फार्मूले पर फोकस के बीच बरेली में कौन बनेगा जिलाध्यक्ष की कहानी किस ओर जाने वाली है, कई चर्चाएं चल पड़ी हैं।

विधानसभा और पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच बरेली जिले में सपा की बारात बिन ''दूल्हे'' के नजर आ रही है। शिवचरन कश्यप की जिलाध्यक्षी जाने को काफी समय बीत चुका है, लेकिन पाटी अभी तक नए जिलाध्यक्ष के नाम पर मुहर नहीं लगा सकी है। मसला चाहे चुनावी हो या संगठन का, बरेली के समाजवादी नेताओं की आपसी खींचतान की कहानी किसी से छिपी नही हैं। खासतौर पर यादव बिग्रेड, में, जहां जिलाध्यक्ष पद के लिए दावेदार तो कई हैं मगर परदे के पीछे रस्साकशी भी खूब है।

पार्टी सूत्र बताते हैं कि गुटबाजी और आपसी तनातनी को खत्म करने के लिए हाईकमान बरेली पर बहुत सोच-विचार कर फैसला लेने के मूड में है। जिलाध्यक्ष कोई भी बने, इसे लेकर आखिरी फैसला सपा प्रमुख अखिलेश यादव ही लेने वाले हैं। शिवचरन कश्यप को हटाए जाने के बाद से ही दावेदार बरेली से लखनऊ तक लगातार दौड़ लगा रहे हैं। सपा जिलाध्यक्ष रह चुके पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, शुभलेश यादव के साथ कुछ युवा चेहरों के नाम की चर्चाएं तो हो रही हैं लेकिन पीडीए फार्मूला की वजह से कहा जा रहा है कि नए जिलाध्यक्ष का नाम चौंका देने वाला हो सकता है। बरेली के नेताओं को लखनऊ बुलाकर मंथन-मनन की प्रक्रिया क्या परिणाम सामने लाएगी, इस पर सबकी निगाहें टिकी हैं। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश मिलने के बाद सभी विधानसभा अध्यक्षों को लखनऊ में होनी वाली बैठक के बारे में सूचित कर दिया गया है।

सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें



बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध गोल्ड मेडलिस्ट
डा. शेख
हर मंगलवार निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परामर्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सविसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गर्वमेन्ट हेल्थ स्कीम
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.वी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

न्यूज ब्रीफ

## जोनल महाधिवेशन सम्मेलन 14 अप्रैल को

बरेली, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे कार्मिक यूनियन ने शनिवार को मंडलीय बैठक कारखाना स्थित कार्यालय में पुष्पेंद्र कुमार की अध्यक्षता में की। संगठन के जोनल महामंत्री राकेश मिश्रा ने बताया कि जोनल महाधिवेशन सम्मेलन 14 अप्रैल को किया जाएगा। जिसमें जोनल रेलवे के तीनों मंडलों के साथ गोरखपुर इज्जतनगर यांत्रिक कारखाना मंडल के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। कारखाना मंडल मंत्री आरडी शर्मा, संजय लाल, सचिन बांबा, योगेन्द्र यादव, चंदनकुमार, कमल किशोर, जय प्रकाश भारती, जीतेन्द्र राठौर, पंकज प्रभास समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डीपी पाल को दी श्रद्धांजलि

बरेली, अमृत विचार : विद्युत पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक शनिवार को जिला कोषाध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव के चाहबाई स्थित आवास पर हुई। जिसमें एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष डीपी पाल की 15 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। केके महेश्वरी, राधेश्याम, आरके शर्मा, ओमदेव बरतरिया, कैलाश आर्य, एम सी शुक्ला, एचसी उपाध्याय, राकेश मोहन, नरेश सिंह, पीके सक्सेना मौजूद रहे।

## गांधी उद्यान में प्रवेश शुल्क निर्धारित हो

बरेली, अमृत विचार : गांधी उद्यान में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनादर करने के विरोध में विश्व हिंदू परिषद ने शनिवार को नगर आयुक्त व महापौर को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। पदाधिकारियों ने उद्यान में प्रवेश शुल्क निर्धारित करने की मांग की। महानगर मंत्री संजय शुक्ला, प्रांत सह सेवा प्रमुख विकास सोमवंशी, विशाल सिंह, नीरज चौरसिया आदि ने ज्ञापन में कहा है कि कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो संज्ञान में आया, जिसमें कई युवक गांधी उद्यान में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अपमान करते नजर आ रहे थे। दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। गांधी उद्यान में आने वाले सभी लोगों का आधार कार्ड देखकर प्रवेश देने एवं प्रवेश शुल्क निर्धारित करने की मांग की।

# 26 सड़कों के लिए खुला बजट का पिटारा

### पीडब्ल्यूडी को वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले मिली बड़ी सौगात, नवाबगंज व भोजीपुरा के मार्गों को मिली प्राथमिकता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने के साथ धनराशि भी जारी की
- मथुरापुर तिलियापुर मार्ग के लिए सर्वाधिक 34.56 लाख आवंटित
- अभियंताओं को टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य शुरू कराने के निर्देश



**अमृत विचार:** शासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन से पहले लोक निर्माण विभाग की सड़कों के लिए भारी भरकम बजट आवंटित किया है। शनिवार को शासन ने विभिन्न मार्गों के प्रस्तावों को वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के साथ निर्माण शुरू कराने के लिए धनराशि भी जारी कर दी। अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिए हैं कि वह टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करें, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की इन महत्वपूर्ण सड़कों का कायाकल्प समय से पूरा हो सके।

आवंटित बजट के तहत लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड की दर्जनों सड़कों की सूरत बदलेगी। इसमें मुख्य रूप से मथुरापुर तिलियापुर परधौली बोहित संपर्क मार्ग के लिए सर्वाधिक 34.56 लाख रुपये और शेरगढ़ से मोहिद्दीनपुर पुलिया के शेष भाग की मरम्मत के लिए 14.29 लाख रुपये जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अगरास भोजीपुरा से केरा होते हुए शाही धौरा मार्ग के लिए 8.78 लाख रुपये, एनएच 24 से सुतईया खाता संपर्क मार्ग के लिए 8.64 लाख रुपये, और करमपुर मार्ग पर देवरनिया नदी पर सेतु के पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्यों के लिए 8.50 लाख रुपये का प्रावधान किया है।

रत्नानंदपुर से रामनगरिया संपर्क मार्ग के लिए 7.35 लाख और नवाबगंज बीजामऊ मार्ग से डंडुआ संपर्क मार्ग के लिए 5.02 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है।

अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की सूची में अब्दुलपुर से खजुरिया घाट संपर्क मार्ग की मरम्मत के लिए 3.25 लाख, सीबीगंज जोगीठेर से बादशाह नगर मार्ग के लिए 3.58 लाख, पीलीभीत रोड से आसपुर की पुलिया से कुमराह मार्ग के लिए 2.53 लाख, और शाहपुर इनायतुल्ला से मिलक अलीनगर के लिए 3.11 लाख रुपये आवंटित हुए हैं। साथ ही भैरपुर से पडंरी, अमीन नगर से बढ़ेपुरा इलाका बाहर, एनएच 74 से नौगवां जागीर मार्ग, सेंथल जादोपुर से पचपेड़ा, और अहमदाबाद से मधुकरपुर जैसे संपर्क मार्गों के लिए भी बजट जारी किया गया है। बरेली-नैनीताल मार्ग से दोहना प्रीतमराय, नगवां भगवंतपुर नहर पटरी और सतुईया खुर्द जैसे छोटे मार्गों के लिए भी बजट आवंटित कर उनकी मरम्मत का रास्ता साफ किया गया है।

चीफ इंजीनियर संजय कुमार तिवारी ने बताया कि शासन का मुख्य जोर उन संपर्क मार्गों पर है, जो मुख्य राजमार्गों को गांवों से जोड़ते हैं। राजमार्ग 24 से मीरापुर गौतारा होते हुए पिथुपुरा मार्ग और रत्नान्दपुर से मौजमनगला खालसा जैसे मार्गों के सुदृढ़ीकरण से हजारों की आबादी को सीधा लाभ पहुंचेगा। प्रांतीय और निर्माण खंड भवन के अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिए गए हैं कि प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद कार्य जल्द से शुरू कराए जाएं।

## समय सीमा खत्म, पर नहीं तय हो सका तौहीद का गुनहगार

- नगर निगम की दो सदस्यीय जांच कमेटी की सुस्त चाल पर उठे सवाल
- निर्माण व स्वास्थ्य विभाग के दोषियों को अभयदान देने की चर्चा

**बरेली, अमृत विचार:** सैटेलाइट बस स्टैंड के जानलेवा नाले में समाए ट्रक चालक तौहीद की मौत के बाद नगर निगम का न्याय सवालों के घेरे में है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने घटना के 30 घंटे बाद जब तौहीद का निर्जीव शरीर नाले से निकला, तो आनन-फानन में अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय की अध्यक्षता में दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की थी। कड़े निर्देश दिए थे कि 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट सौंपी जाए। लेकिन, निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी कमेटी की रिपोर्ट का कोई अता-पता नहीं है। अब सोमवार को जांच रिपोर्ट सौंपने की बात कही जा रही है।

इधर, नगर निगम के गलियारों में यह चर्चा आम है कि सोमवार तक रिपोर्ट खिसकाने के पीछे असल खेल निर्माण विभाग के रसूखदार अभियंताओं को बचाना है। नियमतः नाले पर स्लैब डालने और उसकी समय-समय पर मरम्मत करने की जिम्मेदारी निर्माण विभाग की थी, जिसकी घोर अनदेखी ने एक हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया। जांच कमेटी में निर्माण विभाग के अभियंता को शामिल करने पर भी सवाल उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि यदि निष्पक्ष जांच हुई, तो निर्माण विभाग के अभियंताओं के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के वह सफाई निरीक्षक और नायक भी नपेंगे, जिन्होंने खुले नाले की सूचना देना जरूरी नहीं समझा।

## उद्योग बंधु की बैठक में उठा समस्याओं का शोर, अफसरों का समाधान पर जोर

- उद्यमियों ने जलनिकासी और स्ट्रीट लाइट का मामला उठाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जिला उद्योग बंधु की बैठक में मौजूद एडीएम व उद्यमी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई। जिसमें उद्यमियों ने समस्या गिनाईं। इस पर एडीएम सिटी ने निवेश मित्र पोर्टल पर विभागों की पेंडेंसी शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी उद्यमी अपने घरों में सोलर पैनल जरूर लगवाएं और लोगों को भी जागरूक करें।

राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि ने बताया कि नैनीताल रोड बरेली से बहेड़ी तक सभी आबादी वाले क्षेत्रों में पीएनसी की ओर से स्ट्रीट लाइट लगाई हैं। रिछा जहानाबाद रोड पर अभी तक लाइटें नहीं लगाई हैं। अपर जिलाधिकारी नगर ने स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए। अध्यक्ष औद्योगिक आस्थापना, भोजीपुरा ने बताया कि ग्राम पीपलसाना चौधरी व भोजीपुरा के औद्योगिक क्षेत्र में पानी निकासी की समस्या है। अपर जिलाधिकारी नगर ने उपायुक्त उद्योग को वहां का स्थलीय भ्रमण कर कार्यवाही के निदेश दिये। अध्यक्ष, राइस मिलर्स एसोसिएशन ने बताया कि रिछा जहानाबाद रोड पर 62 राइस मिलर्स हैं, इसके बाद भी यहां कोई फायर स्टेशन नहीं है। एडीएम सिटी ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी को शीघ्र फायर स्टेशन स्थापित किये जाने के लिए जरूरी कार्यवाही के निर्देश दिये। अध्यक्ष भोजीपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने बताया कि दोहना टोल प्लाजा के 50 मीटर के बाद कट है। जहां पर आने वाले छोटे-बड़े वाहन गलत लेन में आ जाते हैं। इस वजह से जाम लग जाता है। जिस पर पुलिस अधीक्षक यातायात को इसमें शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त उद्योग आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## गेहूं खरीद : कंट्रोल रूम स्थापित हेल्पलाइन नंबर जारी

**बरेली, अमृत विचार :** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजना के तहत गेहूं खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी कमलेश कुमार पांडेय के अनुसार कंट्रोल रूम का मुख्य उद्देश्य किसानों से प्राप्त होने वाली शिकायतों को दर्ज करना, उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना और पूरी खरीद प्रक्रिया की प्रभावी मॉनिटरिंग करना है।

किसान अपनी समस्याओं या शिकायतों के लिए दूरभाष नंबर 0581-4002279 और वाट्सएप नंबर 7839565063 पर संपर्क कर सकते हैं। कंट्रोल रूम के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न कर्मचारियों की ड्यूटी पालियों में लगाई गई है। सुनीता को कंट्रोल रूम का प्रभारी बनाया गया है, जो प्राप्त सभी शिकायतों को पंजिका में दर्ज कर निस्तारित कराएंगी।

## एसडीएम न्यायिक की भूमिका की जांच कर रहीं एडीएम प्रशासन

- चकबंदी होने वाले कई गांवों की भूमि की धारा 80 की पत्रावलियों पर आदेश कराने पर पेशकार हो चुके हैं निलंबित

**बरेली, अमृत विचार:** बहेड़ी एसडीएम न्यायिक की कोर्ट से नियमों की अनदेखी कर चकबंदी होने वाले कई गांवों की भूमि की धारा 80 की पत्रावलियों पर आदेश कराने के मामले में जांच शुरू कर दी गयी है। बहेड़ी एसडीएम/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर की रिपोर्ट पर पेशकार मोती लाल को निलंबित करने के बाद प्रकरण में एसडीएम न्यायिक की भूमिका संदिग्ध होने के शक में डीएम के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह ने जांच शुरू कर दी है। वहीं, निलंबित पेशकार मोती लाल के विरुद्ध विभागीय जांच एएसडीएम सदर को सौंपी है। इधर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि एसडीएम न्यायिक की भूमिका को लेकर एडीएम ई से जांच करा रहे हैं। जांच आख्या आने पर आगे की कार्रवाई होगी।

दरअसल, 13 मार्च को बहेड़ी एसडीएम/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर ने शिकायत मिलने पर एसडीएम न्यायिक की कोर्ट की धारा 80 की पत्रावलियों की जांच की थी। उन्होंने डीएम को भेजी आख्या में यह बताया कि ग्राम चकबंदी क्षेत्र में स्थित होने के बाद भी चकबंदी लेखपाल से आख्या प्राप्त कर पत्रावलियों पर आदेश कराए गए थे। मैना बानो ग्राम दमखोदा, राजपाल आदि ग्राम दमखोदा, लाडली ग्राम दमखोदा, राम सेवक ग्राम बहादुरगंज, मो. सरवर निवासी मोहल्ला मस्तान रिछा के मामले में आदेश कराए गए थे। ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों को विधि अनुसार मार्क किए बिना ही आदेश पारित कराया। विशेष रूप से पेशकार मोती लाल के संबंध में आख्या में लिखा कि पेशकार ने अपने दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं कर्तव्य हीनता प्रदर्शित की है।

## नदियों को भी मजहब के नाम पर बांटा जा रहा : अहसन मियां

**बरेली, अमृत विचार :** आला हजरत इमाम अहमद रजा खान का यौम-ए-पैदाइश (जन्मदिवस) 30 मार्च को मनाया जाएगा। दरगाह पर इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने आला हजरत पर रोशनी डालते हुए कहा कि उनकी शख्सियत इल्म, इश्क-ए-रसूल और दीन की खिदमत के एक रोशन बाब की याद दिलाती है। सज्जादानशीन ने वाराणसी में गंगा नदी में रोजा इफ्तार प्रकरण का भी जिक्र किया। कहा कि अगर इफ्तार के वक्त किसी शख्स के पास खाने को कोई और चीज मौजूद न हो, तो वह किसी भी बहते हुए पानी चाहे वह किसी भी दरिया का हो उससे इफ्तार कर सकता है, शरीअत में इसकी इजाजत है। दरगाह से जुड़े परवेज नूरी ने बताया कि सज्जादानशीन ने कहा कि आज हालात इस हद तक पहुंच गए हैं कि नदियों को भी मजहब के नाम पर बांटने की कोशिश की जा रही है।

## तीन अस्पतालों पर सेहत विभाग की दरियादिली

- आयुष्मान के तहत सीएमओ को निरीक्षण में मिली थीं कमियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आयुष्मान योजना के तहत अनुबंधित तीन निजी अस्पतालों के निरीक्षण में तमाम खामियां मिलने के बाद स्पष्टीकरण मांगा गया था। अब तीनों अस्पताल प्रबंधनों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगी है। सेहत विभाग ने दरियादिली दिखाते हुए उन्हें माफ कर दिया है। सीएमओ ने दोबारा खामियां मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

20 फरवरी को शासन के आदेश पर आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के नेतृत्व में टीम ने स्टेडियम रोड स्थित निजी अस्पताल का निरीक्षण किया था। आईसीयू में स्टाफ बिना प्रोटोकॉल फॉलो करते हुए मरीजों की दवाइयां लगा रहा था। इमरजेंसी ड्रग्स ट्रॉली में एक्सपायर दवाइयां थीं। वहां योजना के तहत इलाज कराने आए मरीजों से खून की जांच के नाम पर रुपये लिए गए थे। इसके बाद टीम स्टेडियम रोड स्थित एक अन्य अस्पताल पर पहुंची थी। जांच में पता चला कि योजना के तहत सामान्य मरीज निशा को आईसीयू में भर्ती किया गया था। उसके बाद टीम माधोबाड़ी स्थित एक और निजी अस्पताल में पहुंची थी। वहां आईसीयू में कोई मरीज भर्ती नहीं मिला था। इमरजेंसी वार्ड में योजना के चार लाभार्थी मिले थे। जिसमें मरीज सुषमा पाल, इरशाद, आबिद एवं मनोरम से जांचों के नाम पर नकद रुपये लिए गए थे। मामले में तीनों अस्पतालों के प्रबंधनों से स्पष्टीकरण मांगा गया था।

> तीन अस्पतालों में खामियां पाई गई थीं। उन्हें नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया था। तीनों अस्पतालों ने अपनी गलती मानी है। साथ ही आश्वासन दिया है कि आगे से ऐसी गलती नहीं होगी। उन्हें माफ कर दिया गया है। आगे गलती पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।
> –डॉ विश्राम सिंह, सीएमओ

## वैश्विक संकटों पर संसद में गूंजी नीरज मौर्य की आवाज

**बरेली, अमृत विचार:** वैश्विक संघर्षों के बीच भारत की भूमिका को लेकर आंवला सांसद नीरज मौर्य के संसद में उठाए गए सवालों ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के गलियारों में नई चर्चा छेड़ दी है। सांसद मौर्य ने युद्धविराम, शांति प्रयासों और मानवीय संकटों के समाधान के लिए सरकार की ठोस कार्ययोजना पर स्पष्टीकरण मांगा। इसके उत्तर में सरकार ने स्पष्ट किया कि भारत 'प्रथम सहायता प्रदाता' की भूमिका में यूक्रेन और गाजा जैसे क्षेत्रों में निरंतर चिकित्सा सहायता और राहत सामग्री भेज रहा है। साथ ही, ऊर्जा सुरक्षा और आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित रखने के लिए अंतर-मंत्रालयी समन्वय और नौसेना की सक्रिय तैनाती जैसे कदम उठाए गए हैं। सांसद ने केवल कूटनीतिक बयानों को नाकाफी बताते हुए सरकार से मांग की है कि वैश्विक संकटों के कारण भारत के व्यापार और अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों का एक विस्तृत और पारदर्शी आकलन संसद के समक्ष रखा जाए, ताकि भविष्य की रणनीति स्पष्ट हो सके।

## मृतक को जमानती बनाने में प्रशासनिक अधिकारी ने भेजी रिपोर्ट

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** मौत के 15 महीनों बाद मृतक के नाम पर फर्जी कागजात व अंगूठे के निशान का उपयोग कर अदालत में जमानतनामा पेश करने के मामले में वादी शारिक अब्बासी की अर्जी पर सीजेएम कोर्ट ने जनपद न्यायालय के प्रशासनिक अधिकारी से रिपोर्ट तलब की, शनिवार को प्रशासनिक अधिकारी ने कोर्ट में रिपोर्ट पेश की। उल्लेखित किया कि आरोपी लिपिक 16 मई 2024 से 13 अगस्त 2025 तक एसीजेएम कोर्ट में तैनात थे, थाना बारादरी से संबंधित वादों की पत्रावलियां का रख-रखाव कर रहे थे, इस मामले से जुड़े जमानतनामें भी पेश करने की जिम्मेदारी आरोपी लिपिक की ही थी। कोर्ट ने सुनवाई को 7 अप्रैल की तिथि नियत की है।

## नवरात्र में राजस्व से भर गई झोली, रिकार्ड 2937 रजिस्ट्री

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नवरात्रि के आठ दिनों तक रजिस्ट्री कार्यालय में भीड़ रही। महिलाओं ने खूब संपत्तियां खरीदीं। इन दिनों में 2937 रिकार्ड तोड़ रजिस्ट्री हुईं। जिससे 26.49 करोड़ का राजस्व आया। सदर प्रथम में 666 सबसे ज्यादा और मीरगंज में 184 सबसे कम रजिस्ट्री हुईं।

एआईजी स्टांप तेज सिंह यादव ने बताया कि क्लोजिंग मंथ को देखते हुए बीडीए कार्यालय में भी गुरुवार को रजिस्ट्री के लिए विशेष कैंप लगाया गया। मार्च माह के अंत तक अधिक से अधिक रजिस्ट्री कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राजस्व बढ़ाने की इसी रणनीति के तहत 31 मार्च तक रजिस्ट्री कार्यालय को रविवार के दिन भी खोला जा रहा है। जिससे आम जनता को सुविधा मिल सके और ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्री हो सकें। 19 से 27 मार्च तक जिले में 2937 रजिस्ट्री हुईं। एआईजी स्टांप के अनुसार रविवार को सभी उप निबंधक कार्यालयों को सामान्य कार्यदिवस की भांति खोलकर बैनामे कराए जाएंगे।

**किस तहसील में कितनी हुई रजिस्ट्री :** एआईजी स्टांप के अनुसार नवरात्रि के दिनों में सदर प्रथम में 666 रजिस्ट्री से 112838150 का राजस्व, सदर द्वितीय में 628 रजिस्ट्री से 86062640 का राजस्व, फरीदपुर में 479 रजिस्ट्री से 24780590 राजस्व, मीरगंज में 184 रजिस्ट्री से 9937660 का राजस्व, आंवला में 516 रजिस्ट्री से 13299260 का राजस्व, बहेड़ी में 229 रजिस्ट्री से 10133830 का राजस्व, नवाबगंज में 235 रजिस्ट्री से 7882240 का राजस्व प्राप्त हुआ।

## सिटी डायरी



### गो रक्षकों पर कार्रवाई के विरोध में शिवसेना का पैदल मार्च

**बरेली, अमृत विचार :** शिवसेना के जिला प्रमुख दीपक पाठक ने कार्यकर्ताओं के साथ शनिवार को गो रक्षकों पर फर्जी मुकदमों और हालिया घटनाओं के विरोध में पैदल मार्च निकाला। यह मार्च सेठ दामोदर स्वरूप पार्क से शुरू होकर कलेक्ट्रेट पहुंचा। राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में दिया। ज्ञापन में पदाधिकारियों ने मांग करते हुए कहा कि गो रक्षकों पर दर्ज फर्जी मुकदमे वापस लिए जाएं, जेल में बंद गो रक्षकों को रिहा किया जाए। प्रदेश सचिव राजीव पांडे व मंडल प्रमुख संतोष कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में गो माता को राज्य माता का दर्जा केवल महाराष्ट्र सरकार ने दिया है। इस दौरान मंडल उप प्रमुख विनोद मिश्रा, विश्व प्रताप सिंह, रूबी मिश्रा, गीता मिश्रा, जोत कौर, रुद्राक्ष श्रीवास्तव, संजय चंद्रा, राधाकांत पाठक, कन्हैया मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### संविदा परिचालक बनने को महिलाओं में दिखा उत्साह



**बरेली, अमृत विचार :** पुराना रोडवेज बस अड्डा स्थित परिवहन निगम के क्षेत्रीय कार्यालय पर शनिवार को संविदा परिचालकों के पदों पर भर्ती के लिए आयोजित रोजगार मेले में 156 महिला अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इस दौरान महिला आवेदक उत्साहित नजर आईं। जांच के बाद 40 अभ्यर्थियों के शैक्षिक व अन्य आवश्यक प्रपत्र जमा कर लिए गए। जिनकी जांच के उपरांत नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक चौधरी ने बताया कि यह भर्ती ''मिशन शक्ति'' और महिला सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत की जा रही है। इसके लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। वर्तमान में बरेली परिक्षेत्र में करीब 175 महिला संविदा परिचालक सेवाएं दे रही हैं। बरेली, रुहेलखंड, बदायूं और पीलीभीत डिपो के लिए होने वाली इस भर्ती में महिला अभ्यर्थी भाग ले रही हैं।

### मंडल क्रीड़ा कार्यालय का डीआरएम ने किया उद्घाटन




**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल की डीआरएम वीणा सिन्हा ने शनिवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में नवीनीकृत मंडल क्रीड़ा कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मंडल के खिलाड़ियों का ज्यादा से ज्यादा उन्नत सुविधाएं प्रदान की जाएं, जिससे वे भविष्य में बिना किसी अवरोध के बेहतर प्रदर्शन कर मंडल का नाम रोशन कर सकें। मंडल क्रीड़ा अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक रत्नेश कुमार सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार, मंडल क्रीड़ा सचिव इज्जतनगर गीता शर्मा, सभी शाखा अधिकारी, मान्यता प्राप्त यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिलें
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

## सिटी ब्रीफ

### सांस्कृतिक फेस्ट का समापन, विजेताओं को सम्मानित किया

**बरेली, अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च में आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक फेस्ट शनिवार को संपन्न हो गया। ट्रस्ट सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, सलाहकार सुभाष मेहरा, प्राचार्य सीईटी डॉ. प्रभाकर गुप्ता, प्राचार्या नर्सिंग डॉ. मुथ्थु महेश्वरी, प्राचार्या आईपीएस डॉ. जसप्रीत कौर, डीन सीईटीआर डा. शैलेश सक्सेना आदि ने विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया। संचालन में डॉ. शैलेश सक्सेना ने किया। देविशा मूर्ति आदि मौजूद रहे।

### मिशन प्रेरणा के तहत स्कूलों में नया टाइम टेबल होगा लागू

**बरेली, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मिशन प्रेरणा के तहत नया टाइम टेबल लागू किया गया है। इसके अंतर्गत शिक्षकों को कक्षा में अधिक समय देकर बच्चों के सीखने–सिखाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं। एक अप्रैल से 30 सितंबर तक विद्यालय सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक संचालित होंगे, जबकि एक अक्टूबर से 31 मार्च तक समय सुबह 9 से दोपहर तीन बजे तक रहेगा। इस संबंध में बीएसए डॉ विनीता से सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। विद्यालयों में प्रार्थना सभा के बाद 15 मिनट का योगाभ्यास अनिवार्य किया है।

### रुविवि की पूर्व छात्रा स्वर्णिमा का युवा संसद के लिए चयन

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक केंद्र की पूर्व छात्रा स्वर्णिमा गुप्ता का चयन युवा संसद योजना के तहत उत्तर प्रदेश विधानसभा में प्रतिनिधित्व के लिए हुआ है। सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. ज्योति पाण्डेय ने बताया कि ‘ ’विकसित भारत युवा सांसद योजना’ 18 से 25 वर्ष के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मंच है। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को ’विकसित भारत <bha>@</bha> 2047’’ के विजन से जोड़ना और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। कुलपति प्रो. केपी सिंह, कुलसचिव हरीश चंद, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह आदि ने स्वर्णिमा को बधाई दी है।

# व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है शिक्षा : डॉ. लता

## केशलता इंटरनेशनल स्कूल में हुआ वार्षिक परीक्षा फल का वितरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** केशलता इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन हुआ। कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रमुख स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में एनसी नर्सरी वर्ग में हितांशी, श्रेया गंगवार, संचिता गंगवार, व अनन्या सिंह के साथ एलकेजी के अनिरूद्र सिंह, शौर्य, प्रियल सिंह, देवांश गंगवार यूकेजी के विहान पटेल, आयांश गंगवार, दिव्यांश गंगवार, अनिका गंगवार को पुरस्कृत किया गया। वहीं, कक्षा एक के देवव्रत साहनी, अथर्व गंगवार, नितेश कुमार, सुमित, कक्षा दो के अथर्व पटेल, अद्रिध्य पटेल, तनिष्का गुप्ता, कक्षा तीन की अर्चिमा गंगवार, आराध्या पटेल, अवनि गंगवार व कक्षा चार की वैष्णवी, कक्षा पांच के हृदयांश गंगवार, खुशबू, कक्षा छह के कुंवर आर्यन गंगवार, सुमित, हर्षित पटेल, अनन्या चौहान, कक्षा आठ की शीताक्षी दीक्षित और प्रशंसा गंगवार को सम्मानित किया गया।



केशलता इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परिणाम के दौरान बच्चों को किया गया पुरस्कृत। ● अमृत विचार

विद्यालय की निदेशक डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम एवं संस्कारों को अपनाने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य ममतेश महेश्वरी ने कहा कि निरंतर प्रयास, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में और अधिक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उप प्रधानाचार्य डॉ. निशा शर्मा ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में विशेष प्रतिभा होती है, आवश्यकता है उसे पहचानने और सही दिशा देने की। प्रशासनिक अधिकारी सुधांशु शर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, समय प्रबंधन एवं नैतिक मूल्यों का समावेश ही विद्यार्थियों को एक सफल नागरिक बनाता है। संचालन नगमा सुहैल व भावना तिर्खा ने किया।

### मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया



**बरेली, अमृत विचार :** शहर के विभिन्न सरस्वती शिशु मंदिरों में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किए गए। रामपुर गार्डन स्थित रामानुज दयाल अग्रवाल सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि डीएफओ दीक्षा भंडारी, विशिष्ट अतिथि पूर्व एडीएम प्रदीप कुमार दुबे, डॉ. अनुराग भटनागर और दिनेश कुमार गोयल ने कक्षा एक से पांच तक के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। अध्यक्षता पीयूष अग्रवाल ने की। विभिन्न कक्षाओं में प्रज्ञासेना, आयुषी, काव्या वर्मा, गौरी अग्रवाल, मयंक सक्सेना, अनीता, अभय राठौर सहित अन्य बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य राजेश कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे। वहीं, लाला हृदय नारायण गोयल सरस्वती शिशु मंदिर, बिहारीपुर में भी परीक्षाफल वितरण हुआ। मनीश अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे। संजीव रस्तोगी मौजूद रहे।

### वार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया



**बरेली, अमृत विचार :** पंडित श्यामा चरण सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में शनिवार को वार्षिक परीक्षा फल वितरण किया गया। अतिथियों ने कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया। विद्यालय में अनुशासन व पूर्ण उपस्थिति के लिए भी पुरस्कार दिए गए। प्रधानाचार्य अरविंद कुमार सक्सेना ने आभार व्यक्त किया। रोचिष अग्रवाल, व्यवस्थापक अनिल अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, गौरव शर्मा जौली आदि उपस्थित रहे।

## रोज 90 छात्रों की उपस्थित, मौके पर मिले सिर्फ 38

● बीएसए ने उच्च प्राथमिक विद्यालय नरियावल का निरीक्षण किया

**बरेली, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय नरियावल में बुनियादी सुविधाओं और उपस्थिति को लेकर लापरवाही सामने आई है। बीएसए डॉ. विनीता के निरीक्षण में कई गंभीर खामियां मिली हैं। बीएसए ने इंचार्ज प्राध्यापिका का स्पष्टीकरण तलब किया है।

निरीक्षण में कक्षाओं में अव्यवस्था का आलम देखने को मिला। एक बेंच के ऊपर दूसरी बेंच रखी मिली, जिससे बच्चों के साथ हादसा हो सकता था। वहीं परिसर में पानी की टंकी टूटी हुई पाई गई। विद्यालय की बाउंड्री वॉल भी टूटी हुई थी। रजिस्टर में लगभग रोज 90 छात्रों की उपस्थिति दिखाई जा रही थी। जबकि शनिवार को सिर्फ 38 छात्र ही मौजूद मिले। बीएसए उच्च प्राथमिक विद्यालय की इंचार्ज प्राध्यापिका शशि यादव से स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने तीन दिन के भीतर जवाब देने के निर्देश दिए हैं।

# क्लिनिकल मीटिंग में आधुनिक चिकित्सा पर किया मंथन





आईएमए हाल में क्लिनिकल मीटिंग में मौजूद आईएमए अध्यक्ष डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. गिरीष अग्रवाल व अन्य।



क्लिनिकल मीटिंग में उपस्थित डॉ. केशव अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● विशेषज्ञों ने लिवर ट्रांसप्लांट पर साझा की जानकारी, आईएमए की ओर से हुआ आयोजन

**अमृत विचार :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बरेली की ओर से शनिवार देर शाम अपोलो हॉस्पिटल्स, लखनऊ के सहयोग से आईएमए भवन में क्लिनिकल मीटिंग आयोजित की गयी। जिसमें शहर समेत आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में चिकित्सक पहुंचे। आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों, नवीन शोध और क्लिनिकल अनुभवों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य वक्ता डॉ. मयंक सोमानी ने अपोलो की क्लिनिकल उत्कृष्टता की झलक विषय पर प्रस्तुति दी। डॉ. अजय कुमार ने ‘सेप्सिस’: हर चिकित्सक को क्या जानना और करना चाहिए’ विषय पर व्याख्यान देते हुए समय पर पहचान और उपचार की महत्ता बताई। डॉ. अभिषेक यादव ने “लिवर ट्रांसप्लांट”: वर्तमान स्थिति, मिथक एवं विवाद” विषय पर चर्चा कर चिकित्सकों को नवीनतम जानकारियों से अवगत कराया। चिकित्सकों ने विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। इस मौके पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, आईएमए अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, वैज्ञानिक चेयरमैन डॉ. गिरीश अग्रवाल, मानद सचिव डॉ. अंशु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ. शालिनी महेश्वरी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। डॉ. डीपी गंगवार, डॉ. कपिल चक्रवर्ती, डॉ. कामेन्द्र सिंह सहित कई चिकित्सक मौजूद रहे।

# ओपीडी : बुखार और सर्दी जुकाम के मरीजों की भरमार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल की ओपीडी में बुखार, सर्दी-जुकाम के मरीजों की भरमार रही। मरीजों की संख्या 2300 के पार पहुंच गई। पर्चा काउंटर से लेकर डॉक्टरों के कक्ष और दवा वितरण केंद्र तक मरीजों की लंबी कतारें लगी रहीं।

खून की जांच कराने के लिए पैथोलॉजी विभाग के बाहर भी मरीजों की कतार नजर आई। भीड़ अधिक होने से अव्यवस्थाएं फैली रहीं। चिकित्सकों के अनुसार मौसम में बदलाव के चलते सर्दी, जुकाम और बुखार के रोगियों की संख्या बढ़ रही है। एडीएसईआई रमेश चंद्र ने बताया कि मौसम बदलने के कारण वायरल संक्रमण फैल रहा है, ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है।



जिला अस्पताल में दवा काउंटर पर लगी मरीजों की कतार। ● अमृत विचार

# स्वस्थ मसूड़े मजबूत दांतों की आधारशिला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लोग दांतों की सफाई पर ध्यान देते हैं, लेकिन मसूड़ों (गम्स) की सेहत को लेकर गंभीर नहीं दिखते हैं। जबकि स्वस्थ मसूड़े ही मजबूत दांतों की आधारशिला होते हैं। मसूड़ों की अनदेखी से कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं, जिनमें दर्द, सूजन, खून आना और यहां तक कि दांतों का गिरना भी शामिल है।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के विशेषज्ञ का कहना है कि मसूड़ों की बीमारी को जिंजिवाइटिस और पेरियोडोंटाइटिस कहते हैं, यह दांतों पर जमी प्लाक के कारण होती है। समय पर सफाई न की जाए तो यह प्लाक कठोर होकर टार्टर में बदल जाती है जो मसूड़ों में संक्रमण का कारण बनती है। यदि ब्रश करते समय खून आए, मसूड़ों में सूजन या लालिमा, मुंह से दुर्गंध आए, मसूड़े सिकुड़ रहे या दांतों का ढीला महसूस हो रहा है तो तुरंत दंत चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। विशेषज्ञ कहते हैं कि दिन में दो बार सुबह और रात को सही तकनीक से ब्रश करना आवश्यक है। फ्लॉस का उपयोग करने के साथ माउथवॉश का प्रयोग करें। विटामिन सी और कैल्शियम युक्त आहार मसूड़ों को मजबूत बनाते हैं। धूम्रपान से बचें।

### स्कूलों में किया दंत स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन





**बरेली, अमृत विचार :** ओरल हेल्थ मंथ के तहत इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज ने बिथरी चैनपुर क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में दंत स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविरों का आयोजन किया। प्राथमिक विद्यालय नवदिया झादा, प्राथमिक विद्यालय कुआं डांडा, प्राथमिक विद्यालय कचौली में कैंप लगाए। शिविरों का मुख्य उद्देश्य बच्चों में मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सही आदतों के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए कई रोचक एवं शिक्षाप्रद गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें सही तरीके से ब्रश करना, फ्लॉसिंग की विधि, अच्छे और खराब खाद्य पदार्थों की पहचान शामिल रही। डेंटल टीम ने बच्चों को मॉडल, चार्ट्स एवं प्रदर्शन के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार अधिक मीठे और चिपचिपे खाद्य पदार्थ दांतों को नुकसान पहुंचाते हैं। जबकि संतुलित एवं पौष्टिक आहार दांतों को स्वस्थ बनाए रखते हैं। साथ ही सभी बच्चों का ओरल एग्जामिनेशन (दंत परीक्षण) भी किया, जिसमें कैविटी, मसूड़ों की समस्याएं एवं अन्य दंत रोगों की जांच की गई। जिन बच्चों में समस्याएं पाई गई, उन्हें उचित उपचार एवं आगे की सलाह दी।

# मेले में देर रात रावण का पुतला दहन किया गया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● सिकलापुर में आयोजित मेले में उमड़ी भीड़

**अमृत विचार:** श्री रामलीला सभा सिकलापुर की ओर से रामनवमी के उपलक्ष्य में मेला ग्राउंड पर आयोजित मेले में शनिवार देर रात करीब 12.30 बजे रावण का पुतला दहन किया गया। हालांकि, पुतला दहन देखने के लिए भीड़ को काफी इंतजार करना पड़ा। श्री जानकी मंदिर और मंगलदास मंदिर के पास लगने वाले मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की। खानपान के स्टालों पर लोगों की भीड़ रही। आयोजन समिति ने व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए थे।





सिकलापुर में मेले में दिखी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

## सिटी डायरी

### राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप की तैयारियां तेज, रणनीति पर मंथन



**बरेली, अमृत विचार :** हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर की हैंडबॉल चैंपियनशिप के आयोजन को लेकर जिला ओलंपिक संघ की बैठक शनिवार को एकता नगर स्थित डीजी इंफ्रा कार्यालय में हुई। जिसमें 30 मार्च से शुरू होने वाली प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। बैठक में फ्यूचर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मुकेश गुप्ता ने प्रतियोगिता की मेजबानी स्वीकार करते हुए खिलाड़ियों के आवास, भोजन और परिवहन की समुचित व्यवस्था का आश्वासन दिया। रेलवे स्टेशन से खिलाड़ियों के आवागमन के लिए बसों की व्यवस्था की जाएगी। मीडिया समन्वय की जिम्मेदारी अंकुर किशोर सक्सेना और डॉ. स्वतंत्र कुमार को सौंपी, जबकि मैदान की तैयारियों का दायित्व फसील बेग और उनकी टीम को सौंपा। बैठक में बताया कि बरेली पहले भी दो बार राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी कर चुका है। जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. आशीष गुप्ता, संरक्षक धर्मेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता, महासचिव फसील बेग आदि उपस्थित रहे।

### फ्यूचर विश्वविद्यालय में इनविसिएक्स का भव्य शुभारंभ





**बरेली, अमृत विचार :** फ्यूचर विश्वविद्यालय में शनिवार को ‘इनविसिएक्स’ वेबसाइट का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जलालाबाद के विधायक हरिप्रकाश वर्मा व ददरौल के विधायक अरविंद सिंह ने इस नवीन पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के मौलिक प्रयास युवाओं के लिए प्रेरणापुंज हैं और राष्ट्र के तकनीकी भविष्य को सशक्त बनाने में मील का पत्थर सिद्ध होंगे। कुलाधिपति मुकेश गुप्ता ने इनविसिएक्स की टीम का मनोबल बढ़ाते हुए इसे संस्थान के लिए गौरव का विषय बताया। कहा कि यह केवल एक वेबसाइट का उद्घाटन मात्र नहीं है, बल्कि युवाओं की संकल्पशक्ति और उनके तकनीकी दृष्टिकोण का जीवंत प्रमाण है। वेबसाइट के संस्थापक एवं मुख्य अधिशासी ध्रुव प्रताप सिंह ने इसे मात्र एक उद्यम न मानकर एक अभियान की संज्ञा दी, जो देश को नवाचार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। इस दौरान विद्यार्थी और शिक्षक मौजूद रहे।

### शिविर में छात्राओं को राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी



**बरेली, अमृत विचार :** अवंतीवाई महाविद्यालय में शनिवार को रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य प्रो. दीपा अग्रवाल ने छात्राओं को नि:स्वार्थ सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। जिला ट्रेनिंग कमिश्नर जमुनावती ने रेंजर्स को ध्वज शिष्टाचार, नियम, प्रतिज्ञा और गांठें बांधने जैसे तकनीकी का प्रशिक्षण दिया। वन विभाग के डीपीओ नागेन्द्र ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। संचालन रेंजर्स प्रभारी डॉ. निशा वर्मा ने किया। डॉ. हिमशिखा यादव ने आभार जताया।

## बच्ची से शिक्षिका ने की अभद्रता, घटना सीसीटीवी में कैद

**बरेली, अमृत विचार:** जिस शिक्षिका पर बच्चे को पीटने का मामला दर्ज हुआ था। उसके खिलाफ स्कूल प्रबंधन ने कोई कार्रवाई नहीं की है। अब उसी शिक्षिका का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह एक बच्ची के साथ अभद्र व्यवहार करती नजर आ रही है।

तीन दिन पहले इज्जतनगर में स्थित एक स्कूल की शिक्षिका ने क्लास में तीन साल की बच्ची की पिटाई कर लहूलुहान कर दिया था। पीड़ित पिता ने इसकी शिकायत की तो वह उसे धमकाने लगी। चौधरी मोहल्ला निवासी मातीन बेग की की शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी शिक्षिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

